Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## फरवरी 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**हरियाणा** **3**

- हरियाणा के तीन ज़िलों में स्थापित होंगे महिला आश्रम 4
- हरियाणा में परियोजनाओं के लिये कॉन्ट्रेक्ट समझौतों में एन्हांसमेंट के लिये नये दिशा-निर्देश जारी 4
- मुख्यमंत्री ने टीबी रोग से ग्रस्त 5 मरीजों को लिया गोद 5
- 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का हुआ भव्य आगाज 5
- हरियाणा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को भी शामिल किया जाएगा 6
- 36 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 'हरियाणवी पगड़ी' पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बनी 7
- हरियाणा में 'पॉलिसी फॉर सर्टिफिकेशन एंड स्टैंडर्डाइजेशन आफ आयुष फैसीलिटिज' लागू 7
- मुख्यमंत्री ने 36वाँ सूरजकुंड मेले में किया इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स- 2023 का ब्रोशर लॉन्च 8
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2022 में हरियाणा का दूसरा स्थान 8
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने करनाल में हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर'प्रदान किया 9
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने करनाल में हरियाणा सहकारिता विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया 10
- फरीदाबाद और गुरुग्राम ज़िले में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर उच्च जोखिम और हाई डेंसिटी वाले गलियारों में इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट उपकरण लगाए जाएंगे 11
- गृह मंत्री अनिल विज ने इंस्पेक्टर की बाजू पर राष्ट्रपति निशान का बैच लगाकर हरियाणा पुलिस में इसकी शुरुआत की 11
- प्रदेश में डायल 112 की तर्ज पर आरंभ होगी पशु उपचार एंबुलेंस सेवा 12
- मिस्र पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अरुणा तंवर ने जीता सिल्वर मेडल 12
- पंचकुला स्थित निदेशालय ईएसआई के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 13
- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी ने पैर की मालिश करने वाले यंत्र का डिजाइन किया तैयार, मिला पेटेंट 13
- केंद्रीय मंत्री ने फरीदाबाद स्थित टीएचएसटीआई में 120 करोड़ रुपए की विभिन्न सुविधाओं का किया उद्घाटन 14
- दुबई में आयोजित खाद्य और पेय पदार्थों की प्रदर्शनी में हैफेड ने लिया भाग 14
- हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत किया गया वित्त वर्ष 2023-2024 का बजट 15
- मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध लेखिका शारदा मित्तल की काव्य कृतियों का किया लोकार्पण 16


**नोट :**

# हरियाणा

## गुरुग्राम में स्थापित होगा हेलीपोर्ट

### चर्चा में क्यों ?

31 जनवरी, 2023 को हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में केंद्र सरकार की संस्था पवनहंस, एयर इंडिया, राज्य के उड्डयन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि प्रदेश में एयर इंडिया 3500 करोड़ रुपए का निवेश करने की तैयारी में है और इसके लिये प्रदेश में प्रशिक्षण शुरू करने की कड़ी में गुरुग्राम के सेक्टर-84 में हेलीपोर्ट स्थापित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-84 में हेलीपोर्ट स्थापित करने की योजना अंतिम चरण में है। इस हेलीपोर्ट की स्थापना से दिल्ली के एयर स्पेस को एक नया विकल्प मिलेगा। इसके अलावा रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के तहत हरियाणा के विभिन्न शहरों को उत्तरी राज्यों के शहरों के साथ जोड़ा जाएगा।
- उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अकादमी को शुरू करने के लिये राज्य सरकार ने इंजीनियर प्रशिक्षण के लिये गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी (जीजेयू) और हिसार क्लस्टर के साथ मिलकर आगे बढ़ने का सुझाव दिया है।
- दुष्यंत चौटाला ने बताया कि सीमूलेटर के तहत पायलट और केबिन-क्रू प्रशिक्षण के लिये सरकार ने पातली-हाजीपुर और एटीएल सोहना में अकादमी खोलने का सुझाव दिया है।
- उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट में 100 यात्रियों के लिये एक टर्मिनल को बनाने का प्रावधान किया है। इसमें छोटे व बडे हेलीकॉप्टर को रखने के लिये हैंगर, पार्किंग, मरम्मत इत्यादि सुविधाएँ शामिल हैं।
- हैलीपोर्ट में 300 मीटर का रनवे होगा और यह हेलीकॉप्टर को जल्द से जल्द लैंडिंग और टेकआफ की सुविधा भी देगा और इसे 24 घंटे सुचारू रखा जाएगा।
- उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के तहत आगे बढ़ते हुए हरियाणा लीड कर रहा है और इस दिशा में हिसार, अंबाला और करनाल से देश के उत्तरी राज्यों के शहरों के बीच उड्डयन कनेक्टिविटी करने के लिये केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं।
- इस स्कीम में हरियाणा सहित पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। प्राथमिक तौर पर इस स्कीम के अंतर्गत हिसार से जैसलमेर, हिसार से जयपुर, हिसार से आगरा, अंबाला से वाराणसी, अंबाला से गोरखपुर इत्यादि शहरों को कनैक्ट करने की योजना है।

## हरियाणा सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति

### चर्चा में क्यों ?

2 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि यह नियम हरियाणा सिविल सेवा (वेतन) द्वितीय संशोधन नियम, 2022 कहे जाएंगे तथा ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

- उन्होंने बताया कि नियम 56 में अंशदायी भविष्य निधि या परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना लाभ सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुन: नियोजन पर वेतन का नियतन में संशोधन किया गया है।
- संशोधन के अनुसार किसी व्यक्ति के वेतन के नियतन के लिये जिसने सेवानिवृत्ति के समय अंशदायी भविष्य निधि या परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अधीन लाभ लिया है और किसी विभाग में पुन: नियोजित किया गया है तो अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत निकाला जाएगा तथा अगले रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा। इस प्रकार निकाली गई राशि ऐसे पुन: नियोजित व्यक्ति के वेतन के नियतन के प्रयोजन के लिये पेंशन के रूप में समझी जाएगी।

## हरियाणा के तीन ज़िलों में स्थापित होंगे महिला आश्रम

### चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2023 को हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि जीवन में कठिन दौर से गुजर रही महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये एक ही छत के नीचे उनके आश्रय, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और आत्मनिर्भर बनने का प्रबंध करने के मकसद से प्रदेश में तीन महिला आश्रम स्थापित किये जाएंगे, जिसमें प्रत्येक महिला आश्रम में 50 पात्र महिलाओं को रखने की व्यवस्था होगी।

### प्रमुख बिंदु

- महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने हरियाणा सचिवालय स्थित कार्यालय में हुई बैठक में बताया कि प्रदेश के रेवाड़ी, सिरसा व नारनौल में स्थापित होने वाले इन महिला आश्रमों की ज़मीन चिह्नित करने से लेकर उनके निर्माण संबंधी प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश भी विभाग के अधिकारियों को दे दिये गए।
- विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महिला आश्रम रेवाड़ी की जमीन के लिये 7 करोड़ 74 लाख रुपए की राशि, महिला आश्रम सिरसा की जमीन के लिये 5 करोड़ 66 लाख रुपए की राशि के लिये हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है, वहीं महिला आश्रम नारनौल की जगह के लिये विभाग की संयुक्त कमेटी दौरा कर चुकी है।
- अधिकारियों ने बताया कि महिला आश्रम करनाल के भवन को भी दोबारा से बनाया जाएगा और इसमें भी 50 पात्र महिलाओं को रखने की व्यवस्था की जाएगी।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि विषम परिस्थितियों का सामना कर रही महिलाओं को अस्थाई तौर पर आश्रम प्रदान करना राज्य की ज़िम्मेदारी है। इसमें निराश्रित महिलाओं को कपड़ा भत्ता, राशन भत्ता, शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## हरियाणा में परियोजनाओं के लिये कॉन्ट्रेक्ट समझौतों में एन्हांसमेंट के लिये नये दिशा-निर्देश जारी

### चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य सरकार ने परियोजनाओं के लिये कॉन्ट्रेक्ट समझौतों में पारदर्शी और एक समान तरीके से एन्हांसमेंट के लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि अब संरचनात्मक डिजाइन और कार्य के दायरे में संशोधन के मामले में सक्षम प्राधिकारी निर्णय लेंगे। यदि आवंटित कार्य की लागत 1 करोड़ रुपए से कम है तो इस स्थिति में 30 प्रतिशत तक इंजीनियर-इन-चीफ निर्णय लेंगे। 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक विभाग के प्रशासनिक सचिव निर्णय लेंगे। 50 प्रतिशत से अधिक के मामले में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब कमेटी, जिसमें विभाग के प्रभारी मंत्री सदस्य के रूप में शामिल होंगे, वह निर्णय लेगी।
- उन्होंने बताया कि यदि आवंटित कार्य की लागत 1 करोड़ रुपए से अधिक है तो इस स्थिति में 10 प्रतिशत तक विभाग के प्रशासनिक सचिव, 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति, जिसमें विभाग के प्रशासनिक सचिव बतौर सदस्य शामिल हैं, निर्णय लेगी।
- इसके अलावा, 20 प्रतिशत से अधिक के मामले में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब कमेटी, जिसमें विभाग के प्रभारी मंत्री सदस्य के रूप में शामिल होंगे, वह निर्णय लेगी।

- संजीव कौशल ने बताया कि निविदा दरों, अनुबंध समझौते में दिये गए मूल्य समायोजन तथा विभागीय आपूर्तियों के लिये आपूर्ति एवं निपटान निदेशालय की आपूर्ति दरों में परिवर्तन के कारण परियोजना की लागत में वृद्धि के संबंध में वर्तमान प्रणाली जारी रहेगी।
- उन्होंने बताया कि उपरोक्त निर्णय हाल ही में सरकार के ध्यान में एन्हांसमेंट वृद्धि में अनियमितता के कई मामले सामने आने के बाद लिया गया है।
- इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, मंडल आयुक्तों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों, निगमों, संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों के मुख्य प्रशासकों, प्रबंध निदेशकों, शहरी स्थानीय निकायों और ज़िला उपायुक्तों को पत्र जारी कर इन निर्देशों का तत्काल प्रभाव से सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है।

## मुख्यमंत्री ने टीबी रोग से ग्रस्त 5 मरीजों को लिया गोद

### चर्चा में क्यों ?

2 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत टीबी रोग से ग्रस्त 5 मरीजों को गोद लिया और उन्हें टीबी किट प्रदान किये।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प के तहत हरियाणा को टीबी मुक्त बनाने के लिये कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इन सार्थक प्रयासों से हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।
- उन्होंने प्रदेश के उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शैक्षिक संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत कार्य से जुड़ें और टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार एवं उनके परिजनों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिये आगे आएँ।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान'की शुरूआत की गई। इस पहल के तहत निक्षय 0 प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता, जाँच सहायता और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जा रही है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि कोई भी व्यक्ति या संस्था निक्षय 0 वेब पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करके निक्षय मित्र के रूप मे शामिल होकर टी बी रोगियों की सहायता कर सकती है।
- पंजीकरण के बाद वे भौगोलिक स्थितियों के अनुसार टीबी मरीज का चयन भी कर सकते हैं। उसके बाद गोद लेकर मरीज के इलाज पर लगभग 1 वर्ष तक मासिक सपोर्टिव डाइट के रूप में 400 से 500 रुपए की राशि देकर सहायता प्रदान कर सकते हैं।
- उन्होंने बताया कि इस प्रकार राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में संगठनों की भागीदारी बढ़ेगी और टीबी की जानकारी और इलाज जन-जन तक पहुँचेगा। इससे रोगियों का बेहतर पोषण होगा और सही इलाज होने पर परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इसके अलावा मरीजों व परिवारों का भार भी कम होगा।

## 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का हुआ भव्य आगाज

### चर्चा में क्यों ?

3 फरवरी, 2022 को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में फरीदाबाद ज़िला के सूरजकुंड में 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का उद्घाटन किया। यह मेला 19 फरवरी तक चलेगा।

### प्रमुख बिंदु

- उपराष्ट्रपति ने सूरजकुंड मेला को देश की विविध संस्कृतियों एवं कलाओं का संगम करार देते हुए कहा कि शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन देशों की इस मेले में भागीदारी एक ऐतिहासिक घटना है।

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला देश की विविधता में एकता की कड़ियों को मज़बूत करने के साथ-साथ 'वसुधैव कुटुम्बकम'की अवधारणा को भी आगे बढ़ाता है।
- गौरतलब है कि इस मेले में हर वर्ष एक सहभागी राष्ट्र और एक 'थीम स्टेट'होता है। इस मेले में इस वर्ष शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन सहभागी राष्ट्र है। इस वर्ष मेले में 25 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।
- भारत के 8 उत्तर-पूर्वी राज्य इस मेले के थीम स्टेट हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। ये राज्य एक साथ मिलकर एक ही मंच पर अपनी कला, हस्तशिल्प और व्यंजनों का प्रदर्शन करेंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश के कलाकारों व शिल्पकारों की कल्पनाओं से सराबोर कलाकृतियों से सुसज्जित इस हस्तशिल्प मेले की छटा देखते ही बनती है। इस तरह के मेले शिल्पकारों को अपनी पसंद व कला के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं। यह मेला विविधता में एकता लिये एक भारत श्रेष्ठ भारत का दर्शन कराता है।

## हरियाणा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को भी शामिल किया जाएगा

### चर्चा में क्यों?

3 फरवरी, 2022 को हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में 75वें सूर्य नमस्कार अभियान कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा में एमबीबीएस पाठयक्रम में आयुर्वेद को भी शामिल किया जाएगा।

#### प्रमुख बिंदु

- मंत्री अनिल विज ने कहा कि एमबीबीएस की डिग्री के तहत 4 साल विद्यार्थी एलोपैथिक की पढ़ाई करेगा, वहीं एक साल आयुर्वेद की पढ़ाई करेगा, इसके लिये एक टीम का गठन किया गया है जो कोर्स को तैयार करने का काम करेगी।
- आयुष मंत्री ने बताया कि हरियाणा कैबिनेट की बैठक में आयुष विभाग को अलग विभाग का दर्जा दिया गया है ताकि यह विभाग भी दूसरे विभागों की तर्ज पर आगे आ सके और इसकी अलग पहचान हो और जो भी कार्य इस विभाग द्वारा करने हैं वह किया जा सके।
- योग को आगे ले जाने के लिये हरियाणा में योग-आयोग बनाया गया है। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि प्रदेश के 6500 गाँवों में योगशालाएँ बनें, इसके दृष्टिगत 1000 योगशालाएँ बना दी गई हैं, बाकी पर काम चल रहा है। शहरों मे भी जहाँ पर मुमकिन स्थान है वहाँ पर योगशालाएँ बनाई जा रही है।
- उन्होंने कहा कि एलोपेथिक दवाओं की भाँति अब आयुर्वेदिक दवाओं की भी रिएम्र्बसमेंट हो सकेगा।
- आयुष मंत्री ने यह भी कहा कि अल्टरनेट मैडिशन को बढ़ावा देने के लिये आयुष विश्वविद्यालय बनाया गया है। आयुष के पाँच विंग है, जिसमें आयुर्वेद, योगा, सिद्धा, युनानी व होम्योपैथी शामिल हैं। इन पाँचों विंगों पर कार्य किया जा रहा है। कुरूक्षेत्र में आयुष विश्वविद्यालय खोला गया है। वहाँ पर 100 एकड़ जगह ली गई है जहाँ पर बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। दूर-दूर से लोग यहाँ आकर हरियाणा में इसकी शिक्षा लेंगे।
- उन्होंने बताया कि पंचकूला में लगभग 270 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान बनाया जा रहा है। दिसंबर माह तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहाँ पर 250 बेड का अस्पताल भी बनाया जाएगा तथा यहाँ से 500 डॉक्टर बनकर निकलेंगे।
- उन्होंने कहा कि नूह में युनानी कालेज बनाया गया है तथा अंबाला छावनी में होम्योपैथिक कालेज व देवरखाना में प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल बनाया जा रहा है। 569 आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, 4 आयुर्वेदिक अस्पताल, 6 आयुष प्राथमिक स्वास्थ्य अस्पताल, 19 युनानी अस्पताल, 26 होम्योपैथिक, 21 आयुष विंग हैं तथा हरियाणा के हर ज़िला अस्पताल में आयुष विंग है।

## 36 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 'हरियाणवी पगड़ी' पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बनी

### चर्चा में क्यों ?

6 फरवरी, 2023 को हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित किये जा रहे 36वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 'हरियाणवी पगड़ी'पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा का 'आपणा घर'में विरासत की ओर से जो सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगाई गई है, वहाँ पर 'पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ'के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।
- विरासत के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखे से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक पगड़ी खूब लोकप्रियता हासिल कर रही है।
- महासिंह पूनिया ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हरियाणवी पगड़ी बांधकर सूरजकुंड मेले का उद्घाटन किया था। पगड़ी की परंपरा का इतिहास हज़ारों वर्ष पुराना है। पगड़ी जहाँ एक ओर लोक सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है।
- हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिये पगड़ी का प्रयोग किया जाने लगा।
- पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है। इसलिये इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खंडवा, खंडका आदि नामों से जाना जाता है, जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से जाना जाता है।
- वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी शिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झाँक कर देखें तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परंपरा रही है।

## हरियाणा में 'पॉलिसी फॉर सर्टिफिकेशन एंड स्टैंडर्डाइजेशन आफ आयुष फैसीलिटिज' लागू

### चर्चा में क्यों ?

07 फरवरी,2023 को हरियाणा सरकार ने आयुष प्रणाली व सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिये एक नई नीति 'पॉलिसी फॉर सर्टिफिकेशन एंड स्टैंडर्डाइजेशन ऑफ आयुष फैसीलिटिज' (आयुष सुविधाओं के प्रमाणन और मानकीकरण के लिये नीति) लागू की है।

### प्रमुख बिंदु

- इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य और आयुष मंत्री अनिल विज ने बताया कि यह नीति आगामी 31 अक्तूबर, 2027 तक लागू रहेगी और इस नीति की एक अधिसूचना आज जारी कर दी गई है।
- इस नीति का उदेश्य समग्र कल्याण मॉडल के आधार पर सेवाएँ प्रदान करने के लिये निजी क्षेत्र में आयुष औषधालयों/क्लीनिकों, पंचकर्म केंद्रों, आयुष अस्पतालों के नेटवर्क की पहचान और संचालन के माध्यम से आयुष के मुख्य योग्यता क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके लागत प्रभावी आयुष चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के कवरेज को बढ़ाना है।
- इससे बीमारी के बोझ और जेब खर्च को कम करने के साथ-साथ जनता को 'स्वयं की देखभाल'के लिये सशक्त बनाया जा सकेगा।
- इस नीति के तहत आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत लक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से संचारी/गैर-संचारी रोगों में कमी लाने की भी परिकल्पना की गई है।

नोट :

- सरकार इस नीति के तहत अन्य सेवा क्षेत्रों के बीच आयुष को प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास करेगी, जिसके तहत आयुष वेलबीइंग डेस्टिनेशन में आयुष अस्पतालों, कॉलेजों, वेलनेस सेंटरों से लेकर निवारक, उपचारात्मक और पुनर्वास उपचार/सुविधाएँ, गेस्ट हाउस और होम-स्टे, ऑर्गेनिक रिटेल सुविधाएँ, योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, स्पा और अरोमाथेरेपी केंद्र, बॉडी रैप्स, मसाज वेलनेस सेंटर, सौंदर्य उपचार, विशेष त्वचा देखभाल क्लिनिक, सांस्कृतिक और विरासत प्रदर्शन के लिये बाहरी सत्र इत्यादि शामिल हैं।
- इसी प्रकार, स्टैंडअलोन या मल्टी-स्पेशियलिटी आयुष अस्पताल जिसमें आयुष के तहत चिकित्सा की सभी या 5 प्रणालियों में से कुछ शामिल हैं और नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम 2011, एनएबीएच या आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हैं, जो भी लागू हो।
- इसी तरह, आयुष वेलनेस सेंटर में जैसे आयुष क्लीनिक/डे केयर सेंटर/डिस्पेंसरी/पंचकर्मा क्लिनिक/योग, नेचुरोपैथी और मेडिटेशन सेंटर/कन्वलेसेंस सेंटर आदि बिना आईपीडी सुविधा के हैं।
- आयुष अस्पतालों, वेलनेस सेंटरों आदि को पर्याप्त मान्यता प्रदान की जाएगी। आयुष विभाग, हरियाणा सरकार के तहत मान्यता प्राप्त/प्रमाणित आयुष सुविधाओं/संस्थानों की तीन श्रेणियाँ होंगी जिसमें आयुष हीरक, आयुष स्वर्ण और आयुष रजत शामिल हैं।
- अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) द्वारा पूर्ण मान्यता प्राप्त करने वाले अस्पतालों, वेलनेस केंद्रों आदि को राज्य सरकार द्वारा 5 स्टार रेटिंग के साथ आयुष स्वर्ण के रूप में मान्यता दी जाएगी।
- जिन आयुष संस्थाओं ने अपनी संबंधित श्रेणी में एनएबीएच द्वारा पूर्व-प्रत्यायन प्रवेश स्तर के मानक प्राप्त किये हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा 3 स्टार रेटिंग के साथ आयुष रजत के रूप में मान्यता दी जाएगी।
- अपनी श्रेणी में आयुष स्वर्ण मान्यता/प्रमाणन प्राप्त करने के बाद लगातार 5 वर्षों तक एनएबीएच मान्यता बनाए रखने वाली आयुष संस्थाओं को राज्य सरकार द्वारा 7 स्टार रेटिंग को आयुष हीरक के रूप में मान्यता दी जाएगी। मान्यता/प्रमाणन एनएबीएच मान्यता की वैधता तक वैध रहेगा।

## मुख्यमंत्री ने 36वाँ सूरजकुंड मेले में किया इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स- 2023 का ब्रोशर लॉन्च

### चर्चा में क्यों?

8 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट ऑफ नॉर्थ ईस्ट रीजन का इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 का ब्रोशर लॉन्च किया।

### प्रमुख बिंदु

- सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में भी बाजरे से तैयार कई स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किये जा रहे हैं।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष मनाने के भारत के प्रस्ताव को वर्ष 2018 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा अनुमोदित किया गया था और संयुक्त राष्ट्र परिषद ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 घोषित किया है।
- इसे संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा अपनाया गया और इसका नेतृत्व भारत ने किया तथा 70 से अधिक देशों ने इसका समर्थन किया।
- अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 का भी उद्देश्य मिलेट की खपत को बढ़ाकर पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिये 8 मिलेट्स को चिह्नित किया गया है, जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कंगनी, चेना, साँवा आदि शामिल हैं।
- मिलेट को साइज के आधार पर दो श्रेणियों में बाँटा गया है. एक छोटा अनाज और एक मोटा अनाज। मोटा अनाज में ज्वार, बाजरा और रागी आते हैं, वहीं छोटा अनाज में कंगनी, कोदो, चीना, साँवा और कुटकी शामिल हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2022 में हरियाणा का दूसरा स्थान

### चर्चा में क्यों?

11 फरवरी, 2023 को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का समापन हुआ जिसमें हरियाणा ने 41 स्वर्ण पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### प्रमुख बिंदु

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स - 2022 में 56 स्वर्ण, 55 रजत एवं 50 काँस्य पदक सहित कुल 161 पदक प्राप्त कर ओवर ऑल महाराष्ट्र चैंपियन रहा। वहीं 41 स्वर्ण, 32 रजत एवं 55 काँस्य सहित कुल 128 पदक प्राप्त कर हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा है।
- वही मध्य प्रदेश 39 स्वर्ण, 30 रजत एवं 27 काँस्य पदक सहित कुल 96 पदक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा।
- हरियाणा ने कुश्ती में 9 स्वर्ण सहित कुल 41 पदक, मुक्केबाजी में 8 स्वर्ण पदक के साथ कुल 15 पदक तथा एथलेटिक्स में 4 स्वर्ण सहित कुल 13 पदक प्राप्त किये।
- उल्लेखनीय है कि पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में मेजबान हरियाणा 52 स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान पर रहा।
- गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का आयोजन मध्य प्रदेश में 31 जनवरी से 11 फरवरी, 2023 तक किया गया। यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) का पाँचवां संस्करण था, इनका पहली बार आयोजन 2018 में राजधानी नई दिल्ली में किया गया था।
- यह संस्करण मध्य प्रदेश के आठ शहरों में आयोजित किया गया, जिसमें राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, महेश्वर, जबलपुर, मंडला और बालाघाट शहर शामिल हैं। इसके आलावा दिल्ली में भी कुछ खेलों का आयोजन हुआ।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इस संस्करण में 27 खेलों को शामिल किया गया, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स को खेलों के इतिहास में पहली बार शामिल किया गया। कैनो स्लैलम, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसे नए खेल भी इस स्वदेशी खेलों में शामिल हुए।
- भारत के 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 5,000 से अधिक एथलीटों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में हिस्सा लिया। जहाँ एथलीटों ने 27 खेलों में 973 पदक - 295 स्वर्ण, 295 रजत और 383 काँस्य के लिये अपनी चुनौती पेश की।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने करनाल में हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान किया

### चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के करनाल में हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान किया।

### प्रमुख बिंदु

- अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 25 साल तक सातत्य सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण की बारीकी से जाँच करने के बाद ही प्रेसिडेंट कलर प्रदान किया जाता है। गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' मिलना प्रोफेशनलिज्म और उच्च मानकों का प्रमाण है।
- 'प्रेसिडेंट कलर' संगठन व संस्था दोनों के लिये बढ़ती विश्वसनीयता का परिचायक है। यह हरियाणा पुलिस देश की 10वीं पुलिस है जिसको यह सम्मान मिला है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, त्रिपुरा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और असम के बाद अब हरियाणा पुलिस का नाम भी इस सर्वोच्च सम्मान को हासिल करने वाले पुलिस बेड़े में जुड़ गया है।
- 1951 में पहली बार यह सम्मान भारतीय नौसेना को मिला था और उसके बाद 10 राज्य पुलिस बलों और कई केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) को भी प्रेसिडेंट कलर प्राप्त हुआ है।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 1 नवंबर, 1966 में सिर्फ 12000 पुलिसकर्मियों से शुरू हुई हरियाणा पुलिस की बल संख्या आज 75000 तक पहुँच गई है। इसके अलावा कार्य का विस्तार 5 पुलिस रेंज, 4 पुलिस कमिश्नरेट और 19 ज़िलों में रेलवे पुलिस तक हो गया है।
- अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की है जो पूरे देश के पुलिस बेड़े को टेक्नोलॉजी से युक्त करेगा। यह मिशन सिपाही से लेकर DGP तक पूरी पुलिस प्रणाली को टेक्नोलॉजी की शिक्षा देकर अपराध दर कम करने में टेक्नोलॉजी का उपयोग सिखाएगा।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में फॉरेंसिक साइंस के एक्सपर्ट तैयार हो रहे हैं। इसके साथ-साथ सीआरपीसी (CrPC)] आईपीसी (IPC) और एविडेंस एक्ट में बदलाव किये जा रहे हैं।

नोट :

- उन्होंने कहा कि सरकार अब 6 साल या इससे अधिक सजा वाले गुनाहों के लिये फॉरेंसिक साइंस की विजिट को अनिवार्य करने जा रही है। यह देश में दोषसिद्धि के प्रमाण बढ़ाने का एक बहुत बड़ा कारण बनेगा। इससे गुनाहों की संख्या में भारी कटौती होगी।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा में 29 साइबर थाने व 309 साइबर डेस्क साइबर फ्रॉड के मामलों को टैकल कर रहे हैं। हरियाणा का देश में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) और क्राईम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क (CCTN) परियोजना के सर्वश्रेष्ठ क्रियान्वयन में प्रथम स्थान है।
- उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा आपातकालीन नंबर 112 पर आने वाली कॉल का औसत प्रतिक्रिया समय 11 मिनट 36 सेकंड से घटाकर 8 मिनट 2 सेकंड कर इस मामले में दूसरे स्थान पर है।
- हरियाणा पुलिस ने पूरे प्रदेश को लगभग 600 से अधिक इमरजेंसी रिस्पांस वाहन समर्पित किये हैं। साथ ही लाइसेंस से जुड़ी सभी सेवाओं को ऑनलाइन कर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना कर और हर ज़िले में NCORD की बैठकें कर हरियाणा ने नशे पर नकेल कसने का काम किया है।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने करनाल में हरियाणा सहकारिता विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

### चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करनाल में हरियाणा सहकारिता विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहाँ एक सहकारी दुग्ध संयंत्र का भी उद्घाटन किया जिसकी क्षमता 5 लाख लीटर दूध प्रतिदिन प्रोसेस करने की है और इसकी लागत लगभग 200 करोड़ रुपए है। इससे बहुत सारे पशुपालकों को फायदा होगा।
- अमित शाह ने कहा कि 150 करोड़ रुपए की लागत से यहाँ 90 हज़ार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का इथेनॉल प्लांट भी लगाया गया है। इथेनॉल ब्लेंडिंग से देश का पेट्रोलियम उत्पादों का आयात भी कम होता है और इस जैविक ईंधन के कारण पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के समय इथेनॉल ब्लेंडिंग 1 प्रतिशत से भी कम था, जो आज बढ़कर 10 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है और 2025 तक इसे और बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे चीनी मिलों की आमदनी बढ़ेगी और एपीएमसी का वेस्ट और खराब धान उपयोग में आएगा जिससे देश के आयात बिल में भी भारी कटौती होगी।
- अमित शाह ने कहा कि सहकारिता को फिर से प्रासंगिक और ग्रामीण आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ की हड्डी बनाने के लिये जागरूकता लाना बेहद जरूरी है और इसके लिये आज यहाँ इंटरनेट रेडियो 'सहकारिता वाणी' शुरू किया गया है। इसके माध्यम से सभी पैक्स और किसानों लिये सारी सुविधाएँ और सूचनाएँ टिप्स पर उपलब्ध होंगी।
- अमित शाह ने कहा कि सहकारी समितियों के अलग-अलग काम के लिये भारत सरकार के तत्वावधान में चल रहे एनसीडीसी ने आज हरियाणा को 10 हज़ार करोड़ रूपए की राशि जारी की है जो कम ब्याज पर किसानों की सहकारी समिति को दी जाएगी।
- सहकारिता मंत्री ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक को एनपीए मुक्त बनाने के लिये एक अभियान शुरू किया गया है। इस वर्ष के बजट में प्रधानमंत्री ने एक बहुत बड़ी योजना का लक्ष्य देश की सहकारिता के लिये रखा है जिसमें 2025 से पहले देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना की जाएगी और 2 लाख नए पैक्स बनाए जाएंगे।
- उन्होंने कहा कि आजादी से अब तक 65 हज़ार पैक्स बने हैं, और अगले 3 साल में 2 लाख पैक्स बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार नई कोऑपरेटिव नीति भी लाई है, और, इसके अलावा भारत सरकार ने 3 कोऑपरेटिव सोसायटीज की स्थापना भी की है।

## फरीदाबाद और गुरुग्राम ज़िले में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर उच्च जोखिम और हाई डेंसिटी वाले गलियारों में इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट उपकरण लगाए जाएंगे

### चर्चा में क्यों?

15 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य सरकार ने फरीदाबाद और गुरुग्राम ज़िले में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों और महत्त्वपूर्ण जंक्शनों पर उच्च जोखिम और हाई डेंसिटी वाले कॉरिडोर पर इलेक्ट्रॉनिक एन्फोर्समेंट उपकरणों को लगाने का निर्णय लिया है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मोटर वाहन अधिनियम की धारा 136ए के प्रावधान को लागू करने के लिये तौर-तरीके स्थापित करने के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आवश्यकता का आकलन करने के लिये विभिन्न विशेषज्ञों को नियुक्त करें।
- ये विशेषज्ञ राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की निगरानी और जाँच करने के लिये स्पीड कैमरा, क्लोज सर्किट टेलीविजन कैमरा, स्पीड गन, बॉडी वियरेबल कैमरा, डैशबोर्ड कैमरा, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और मशीन में वजन के माध्यम से आकलन करेंगे।
- उन्होंने बताया कि ये विशेषज्ञ राज्य के विभिन्न विभागों को उन जंक्शनों की पहचान करने में सहायता भी करेंगे जहाँ वाहनों की तेज गति और दुर्घटना संभावित क्षेत्र की संभावना है।
- मुख्य सचिव ने सभी हितधारक विभागों को प्रक्रिया पूरी करने के लिये 7 मार्च, 2023 तक समय दिया है और अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट आगामी 14 मार्च, 2023 तक परिवहन आयुक्त को भेजने के निर्देश भी दिये।
- उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक एन्फोर्समेंट उपकरणों को इस तरह से लगाया जाना चाहिये ताकि यातायात प्रवाह में कोई बाधा, दृष्टि की समस्या उत्पन्न न हो।
- बैठक में मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि नियम 167 के तहत सभी चालान इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के माध्यम से ऑटो-जेनरेशन चालान का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी किये जाने चाहिये।
- इसके अलावा, बारिश, ओलावृष्टि, कोहरे के मौसम जैसी प्रतिकूल मौसम की स्थिति के साथ-साथ मार्ग में आगे किसी बाधा को इंगित करने के लिये सड़क खंडों पर गति सीमा को सूचित करने के लिये निश्चित और गतिशील गति सीमा संकेतों का भी उपयोग किया जाना चाहिये।
- मुख्य सचिव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक एन्फोर्समेंट उपकरणों द्वारा निगरानी किये जाने वाले हिस्सों से पहले उपयुक्त चेतावनी संकेत स्पष्ट रूप से लगाए जाने चाहिये, जिससे जनता को सूचित किया जा सके कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग में हैं और वे सीसीटीवी निगरानी के अधीन हैं।

## गृह मंत्री अनिल विज ने इंस्पेक्टर की बाजू पर राष्ट्रपति निशान का बैच लगाकर हरियाणा पुलिस में इसकी शुरुआत की

### चर्चा में क्यों?

15 फरवरी, 2023 को हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर की बाजू पर राष्ट्रपति निशान का बैच लगाकर हरियाणा पुलिस में इसकी शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- गृह मंत्री अनिल विज ने रेस्ट हाउस में छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिये लगाए गए जनता दरबार में अंबाला छावनी थाने के इंस्पेक्टर नरेश कुमार की बाजू पर राष्ट्रपति निशान बैच को लगाया।
- उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का दसवाँ प्रदेश है जिसे राष्ट्रपति फ्लैग मिला है और पिछले 25 वर्ष का रिकॉर्ड देखने के बाद ही राष्ट्रपति फ्लैग मिलता है। अब एक सिपाही से लेकर डीजीपी तक यह निशान बैच लगा सकता है और इसी कड़ी में आज इसकी शुरूआत की गई है।
- गौरतलब है कि 15 फरवरी को करनाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हरियाणा पुलिस को राष्ट्रीय निशान अवार्ड से अलंकृत किया गया था।

## प्रदेश में डायल 112 की तर्ज पर आरंभ होगी पशु उपचार एंबुलेंस सेवा

### चर्चा में क्यों?

15 फरवरी, 2023 को हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जे.पी. दलाल ने आकाशवाणी हिसार द्वारा आयोजित रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि प्रदेश की डायल 112 योजना की तर्ज पर जल्द ही पशु उपचार एंबुलेंस सेवा आरंभ की जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- मंत्री जे.पी. दलाल ने बताया कि पशुपालन व्यवसाय में जोखिम को कम करने के लिये आरंभ की जाने वाली पशु उपचार एंबुलेंस सेवा केंद्रीकृत होगी, जिसके लिये एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा।
- पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने कहा कि पशु उपचार एंबुलेंस सेवा के लिये शुरुआत में 200 एंबुलेंस तैनात की जाएंगी, जिनमें पशु चिकित्सक व स्टॉफ के साथ-साथ जरूरी दवाएँ उपलब्ध रहेंगी।
- उन्होंने कहा कि पशुपालक द्वारा हेल्पलाइन पर उपचार एंबुलेंस सेवा की मांग करने पर उसके नज़दीकी स्थान की एंबुलेंस को मैसेज भेजा जाएगा।
- इस योजना के तहत पशुपालक तक एंबुलेंस के पहुँचने में लगने वाले समय, उपचार गुणवत्ता तथा पशुपालक की फीडबैक आदि की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।
- पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशभर के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे सब्जी, फल, फूल, बागवानी उत्पादन, पशुपालन व मछली पालन जैसे व्यवसायों को अपनाएँ, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके।

## मिस्र पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अरुणा तंवर ने जीता सिल्वर मेडल

### चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिस्र के काहिरा में 15-16 फरवरी को आयोजित इजिप्ट पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हरियाणा की पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर ने सिल्वर मेडल जीता है।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा के भिवानी ज़िले के दिनोद गाँव की 23वर्षीय पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर को इस चैंपियनशिप में ऑलओवर थर्ड महिला ट्रॉफी से भी नवाजा गया।
- इस जीत से अरुणा तंवर की वर्ल्ड रैंकिंग भी सुधरेगी, जिससे अरुणा के पेरिस पैरा ओलंपिक के रास्ते खुल पाएंगे। अरुणा का फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में 13वाँ स्थान है।
- जानकारी के अनुसार मिस्र से लौटने के बाद वे वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में जुट जाएंगी। अजरबैजान के शहर बाकू में अप्रैल-मई में वर्ल्ड चैंपियन का आयोजन किया जाएगा।
- गौरतलब है कि पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर 2020 टोक्यो पैरालंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं।
- अरुणा के नाम पहले से अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के अनेक मेडल हैं।
- पिछले दिनों महाराष्ट्र के नासिक में हुई इंडिया ताइक्वांडो सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था।
- वर्ष 2021 के टोक्यो पैरालंपिक 2020 में देश का प्रतिनिधित्व किया।
- वर्ष 2019 में जॉर्डन में हुई अमान एशियन पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल, मार्च 2019 में ईरान में हुई प्रेजीडेंट एशियन रीजन जी-टू कप में सिल्वर मेडल तथा फरवरी 2019 में टर्की में आयोजित वर्ल्ड पैरा-ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- वर्ष 2018-19 में छठी राष्ट्रीय पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, वर्ष 2018 में वियतनाम में हुई चौथी एशियन पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता।
- वर्ष 2017-18 में पाँचवी राष्ट्रीय पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

नोट :

# पंचकुला स्थित निदेशालय ईएसआई के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों ?

19 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री भूपेंद्र यादव ने हरियाणा के पंचकुला ज़िले के सेक्टर-14 स्थित निदेशालय ईएसआई स्वास्थ्य संरक्षण विभाग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- भवन के उद्घाटन उपरांत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि पंचकूला में ईएसआई के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय के शुरू होने से हरियाणा के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल आदि प्रदेशों के ईएसआई के बीमित व्यक्तियों की प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू ढंग से चलाया जा सकेगा।
- उन्होनें बताया कि प्रदेश में ईएसआई के माध्यम से लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है और हरियाणा में इस क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है।
- विदित है कि पहले ईएसआई और हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग रूप से कार्य किया जाता था परंतु पिछले वर्ष आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि ईएसआई में न केवल बीमित व्यक्ति बल्कि अन्य लोग भी अपना इलाज करवा सकते हैं। इसी प्रकार हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में ईएसआई के बीमित लाभार्थी भी इलाज की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में हरियाणा में ईएसआई बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या 25 लाख है।
- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि पंचकूला के ईएसआई भवन की आधारशिला मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2018 में रखी थी और अब वर्ष 2023 में इस भवन ने कार्य करना शुरू कर दिया है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने ईएसआई डिस्पेंसरी राई और बरही सोनीपत का शिलान्यास भी किया।
- भूपेंद्र यादव ने कहा कि ईएसआई डिस्पेंसरी राई (सोनीपत) के स्थापित होने के उपरांत ओद्योगिक क्षेत्र राई, नाथूपुर, वजीदपुर, सबोली, बहालगढ़ के 28 हज़ार 10 बीमाकृतों व उनके परिवारों सहित 106440 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा।
- इसी प्रकार ईएसआई डिस्पेंसरी बरही, गन्नौर, सोनीपत के बनने से ओद्योगिक क्षेत्र बरही, गन्नौर व समालखा तक के 8 हज़ार 347 बीमित व्यक्तियों व उनके परिवारों सहित 31 हज़ार 720 लाभार्थी कवर होंगे।
- केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार के सहयोग से मानेसर और बावल में ईएसआई अस्पतालों का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसके अलावा रोहतक, अंबाला, सोनीपत और हिसार में भी ईएसआई अस्पताल स्थापित किये जाएंगे।
- उन्होंने बताया कि ईएसआई मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में पिछले वर्ष पहली बार कैथलैब की सुविधा भी आरंभ की गई है।
- विदित है कि ईएसआईसी एक ऐसी योजना है, जिसमें अधिकतम इलाज पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी ने पैर की मालिश करने वाले यंत्र का डिजाइन किया तैयार, मिला पेटेंट

## चर्चा में क्यों ?

20 फरवरी, 2023 को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रभारी डॉ. अजय पाल ने बताया कि विभाग के शोधार्थी प्रदीप कुमार ने भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से संबंधित एक यंत्र के डिजाइन का पेटेंट प्राप्त किया है। इसमें पैर की मालिश करने वाला (फुट मसाजर) यंत्र तैयार किया गया है, जो लगातार बैठकर काम करने वालों को चुस्ती-फुर्ती देने वाला है।

### प्रमुख बिंदु

- शोधार्थी प्रदीप कुमार ने बताया कि यह यंत्र बिना बिजली के काम करता है। लकड़ी से बना यह यंत्र बहुत हल्का एवं सुंदर होने के साथ-साथ किसी भी स्थान पर रखने में आसानी होगी।

- प्रदीप कुमार ने बताया कि एक्यूप्रेशर सिद्धांत पर तैयार किया गया यंत्र पूर्ण रूप से लकड़ी से बना हुआ है। साथ ही इसमें किसी भी प्रकार की बिजली का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कोई भी कर्मचारी कार्यालय में बैठकर इसका उपयोग कर सकेगा और काम पर भी किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- एक्यूप्रेशर सिद्धांत के अनुसार पैर के तलवों व किनारे वाले हिस्से में कुछ ऐसे महत्त्वपूर्ण एक्यूप्रेशर बिंदु होते हैं, जो यदि एक साथ दबाए जाएँ या मालिश किये जाएँ तो वांछित लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं।
- जब यह एक्यूप्रेशर बिंदु एक साथ दबाव में आते हैं तो रक्त संचरण में सुधार के साथ-साथ दर्द में भी आराम देते हैं। अगर यह फुट मसाजर दो से तीन मिनट के अभ्यास से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी उपयोगी है।

## केंद्रीय मंत्री ने फरीदाबाद स्थित टीएचएसटीआई में 120 करोड़ रुपए की विभिन्न सुविधाओं का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हरियाणा के फरीदाबाद ज़िले में स्थित ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) में 120 करोड़ रुपये की विभिन्न सुविधाओं का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि टीएचएसटीआई में जो 50 बिस्तरों वाला अस्पताल होगा, उसमें ऑब्जर्वेशनल कॉहोर्ट अध्ययन और चरण 1 और चरण 2 नैदानिक परीक्षणों जैसे नैदानिक अनुसंधान करने की सुविधाएँ होंगी।
- उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीन का परीक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ साझेदारी के अंतर्गत टीएचटीएसआई की प्रयोगशाला में हुआ और यह भारत में ऑमिक्रॉन वायरस को कल्चर करने वाली पहली प्रयोगशाला थी।
- उल्लेखनीय है कि टीएचएसटीआई, जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के अंतर्गत आने वाले शीर्ष संस्थानों में से एक है और इस संस्थान ने मातृ-शिशु के स्वास्थ्य, टीका विकास, क्षय रोग और डेंगू के विरुद्ध चिकित्सीय अणुओं और नए नैदानिक उपकरणों जैसे अनुसंधान के कई क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम किया है।
- डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसमें बीएसएल-3 प्रयोगशाला, प्रयोगात्मक पशु सुविधा, एक बड़ी बायोरिपोजिटरी और आणविक अनुसंधान के लिये अत्याधुनिक उपकरण जैसी विश्व-स्तरीय सुविधाएँ हैं।
- टीएचएसटीआई के कार्यकारी निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार गर्ग ने बताया कि यहाँ के वैज्ञानिक विश्व-स्तरीय टीके और उत्पाद विकसित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में ज़रूरत पड़ी तो ह्यूमन चैलेंज मॉडल को भी अपनाया जाएगा।

## दुबई में आयोजित खाद्य और पेय पदार्थों की प्रदर्शनी में हैफेड ने लिया भाग

### चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) ने दुबई में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय पदार्थों की प्रदर्शनी में 20 से 24 फरवरी तक पहली बार अपना प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर 'गलफूड 2023' दुबई में भाग लिया।

### प्रमुख बिंदु

- इस दौरान हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत व हैफेड के प्रबंध निदेशक ए.श्रीनिवास सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने बासमती चावल निर्यात को बढ़ावा देने के लिये संभावित खरीदारों के साथ कई बैठकें कीं।
- ए. श्रीनिवास ने बताया कि हैफेड ने प्रमुख आयातक मैसर्स सालेह ए.बाबेकर संस कंपनी, रियाद, सऊदी अरब से लगभग 850 करोड़ रुपए मूल्य के 85000 मीट्रिक टन बासमती चावल के निर्यात ऑर्डर मिला है, जिसमें से 33000 मीट्रिक टन का निर्यात ऑर्डर सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

- उन्होंने बताया कि हैफेड बासमती चावल का बड़ा एक्सपोर्टर बनकर उभरा है। इस प्रदर्शनी में पहली बार हैफेड ने अपनी स्टॉल लगाकर एक्सपोरर्स से संवाद किया है।
- हैफेड के प्रबंध निदेशक ने बताया कि हैफेड ने अन्य देशों में भी अपने निर्यात कारोबार का विस्तार करने की योजना बनाई है। हैफेड बासमती धान की व्यावसायिक खरीद भी कर रहा है और चालू वित्त वर्ष के दौरान उसने किसानों से 2.75 लाख मीट्रिक टन बासमती धान की खरीद की है।
- इसके अलावा हैफेड ने चालू वर्ष के दौरान मंडियों में बासमती धान की खरीद के लिये किसानों को अब तक का सर्वाधिक मूल्य चुकाया है, जिससे किसानों को अत्यधिक लाभ हुआ है।
- गौरतलब है कि हैफेड हरियाणा राज्य का सबसे बड़ा शीर्ष सहकारी संघ है। यह 1 नवंबर, 1966 को एक अलग राज्य के रूप में हरियाणा के गठन के साथ ही अस्तित्व में आया। तब से यह हरियाणा के किसानों के साथ-साथ भारत और विदेशों में उपभोक्ताओं की सेवा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत किया गया वित्त वर्ष 2023-2024 का बजट

### चर्चा में क्यों ?

23 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बतौर वित्त मंत्री हरियाणा विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-2024 का बजट प्रस्तुत किया, जिसे एक ऐतिहासिक बजट और हरियाणा के गठन के बाद अब तक का सबसे बड़ा बजट बताया है। यह बजट 1,83,950 करोड़ रुपए का है।

### प्रमुख बिंदु

- वित्त वर्ष 2023-2024 के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष फोकस किया गया है जिसमें किसान को बिजली, सिंचाई के लिये पानी तथा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता क्षेत्र के लिये विशेष प्रावधान किया गया है।
- ऊर्जा क्षेत्र के लिये बजट में 8283 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा पानीपत थर्मल पावर प्लांट को आगामी 6 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से फेसआउट किया जाना है। इसकी जगह यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया प्लांट लगाने के लिये मुख्यमंत्री ने 584 करोड़ रुपए की इक्विटी का प्रावधान किया है।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 5,017 करोड़ रुपए और सहकारिता के लिये भी व्यापक स्तर पर प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन और शहरी तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने का कार्य कर रही है। बजट में महाग्राम योजना के तहत प्रथम चरण में 132 बड़े गाँव में सीवरेज लाइन डाली जाएगी। आगामी वित्त वर्ष के दौरान 100 किमी. नई सीवर लाइन बिछाने के लक्ष्य रखा गया है।
- वर्ष 2023-24 के वित्तीय बजट से प्रदेश में जहाँ उद्योगों में निवेश बढ़ेगा और युवाओं के लिये रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होगी, वहीं सडक एवं रेलवे का आधारभूत ढाँचा भी मजबूत होगा। बजट में उद्योग एवं एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को 1,442 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 5000 किमी. सडकों के सुधार, 553.94 किमी. लंबी सडकों को चौड़ा और मजबूत करने और 14 नए बाइपासों का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य, केंद्र सरकार, अन्य राज्य सरकारों व रक्षा सेवाओं में नौकरियों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिये 1000 छात्रों, जिन्होंने स्नातक शिक्षा उतीर्ण कर ली है, सरकारी कालेजों में कोचिंग प्रदान की जाएगी। 1.80 लाख रुपए तक की आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी तथा 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक की आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।
- वर्ष 2023-24 के बजट में श्रम क्षेत्र के लिये 229 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बजट में श्रमिकों के बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में यह भी प्रावधान किया गया कि 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। वर्तमान में पी.पी.पी. डेटा के आधार पर उन बच्चों की पहचान के लिये सर्वे कराया जा रहा है, जो स्कूल नहीं जा रहे हैं।

नोट :

- निर्माण श्रमिकों के ऐसे बच्चों की पहचान कर वहाँ क्रेच, प्ले स्कूल और साइट स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों की स्थापना पर आने वाली लागत हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वहन की जाएगी। ऐसे बच्चों को उनकी शिक्षा के लिये 12वीं कक्षा तक सहायता मिलेगी।
- प्रदेश में शहरी विकास और आवास क्षेत्रों के लिये 5,893 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। यह गत वर्ष की तुलना में यह 1 प्रतिशत अधिक है। बजट में 'दिव्य नगर योजना' के लिये 500 करोड़ रुपए तथा बड़े शहरों में सीवरेज के रखरखाव पर 200 करोड़ आवंटित किये गए हैं। बजट में 'सोनीपत मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी'की स्थापना करने की भी घोषणा की गई है।
- वर्ष 2023-24 में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं सहकारिता क्षेत्रों के लिये 8,316 करोड रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।
- वर्ष 2023-24 के बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग हेतु 2047 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो चालू वर्ष के संशोधित अनुमानों से 3 प्रतिशत ज्यादा है। बजट में स्टंटिग और वेस्टिंग सहित कुपोषण का सामना कर रहे बच्चों को बाल संवर्धन पोर्टल के द्वारा ट्रैक कर ऐसे मामलों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है।
- मौजूदा आंगनबाड़ियों को परिवर्तित करके और प्रारंभिक शिक्षा में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करके अगले दो सालों में 4000 और प्ले स्कूल जोड़ने का भी प्रस्ताव है।

## मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध लेखिका शारदा मित्तल की काव्य कृतियों का किया लोकार्पण

### चर्चा में क्यों ?

23 फरवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रसिद्ध लेखिका शारदा मित्तल की काव्य कृतियों 'अनुबंध अभिव्यक्ति के' तथा 'बोनसाई नहीं... बरगद हूँ मैं' का लोकार्पण किया।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि लेखिका शारदा मित्तल की पुस्तक दौहा संस्करण के साथ-साथ तीन एकल और 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।
- उन्हें हाल ही में मॉरीशस में हुए नौवें विश्व हिन्दी अधिवेशन में भाषा सहोदरी रत्न सम्मान मिला है।

The Vision